# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में प्राकृतिक विधि से नाला सफाई की प्रदेश की पहली परियोजना और मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स का किया लोकार्पण। कहा– पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में बनी है नई खेल संस्कृति।
- अब बिना डिप्लोमा वाले दसवीं पास युवा भी रेलवे के लेवल–वन पदों पर हो सकेंगे भर्ती। रेलवे बोर्ड ने भर्ती के लिये न्यूनतम शैक्षिक योग्यता मानदण्डों में दी छूट।
- कासगंज के चन्दन गुप्ता हत्याकाण्ड में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने अट्ठाइस आरोपियों को सुनाई उम्रकैद की सज़ा। मुख्य आरोपी को सात वर्ष का अतिरिक्त कारावास।
- प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी। ज्यादातर जनपदों में कक्षा आठ तक के स्कूल किये गये बन्द।

**********

गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राकृतिक विधि से शहर में नाला सफाई कार्य की प्रदेश की पहली परियोजना का लोकार्पण किया। गोरखपुर नगर निगम की ओर से करायी गयी इस परियोजना के तहत विभिन्न क्षेत्रों से होकर राप्ती नदी में मिलने वाले तीन किलोमीटर लम्बे तकिया घाट नाले की सफाई पर सिर्फ दो करोड़ सत्तर लाख रूपये खर्च हुए हैं जो गंदे पानी की सफाई के लिये लगाये जाने वाले सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट यानी एसटीपी की तुलना में बहुत कम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल शोधन की प्राकृतिक विधि से नदियां तो साफ होंगी ही, करोड़ो रूपये भी बचेंगे। श्री योगी ने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को प्रेरणा बताते हुए कहा कि स्वच्छ जल की आपूर्ति करने के लिए शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन शुरू किया गया है।

***हम सब आभारी है पहले प्रधानमंत्री मोदी जी के जिनकी प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन पूरे देश के अंदर लागू हुआ। हर व्यक्ति को शुद्ध पेय जल की आपूर्ति करनी है इसके लिये भी शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन प्रारम्भ हुआ। हर घर जल के माध्यम से शुरू पेय जल उपलब्ध कराने के कार्यक्रम प्रारम्भ हुये।***

कल ही मुख्यमंत्री ने शहर के पहले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स का भी लोकार्पण किया। यह कॉम्प्लैक्स मुख्यमंत्री के विधायक निधि से बनाया गया है। इस अवसर पर खेल और स्वास्थ्य के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिये खेल आवश्यक है।

***एक इंटरनेशनल स्टेडियम को हम गोरखपुर के अंदर अलग से देने जा रहे है। ये खेल कूद की गतिविधियों को इसलिये ग्रामीण क्षेत्र में सहजनवा में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण वर्तमान में चल रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी हम लोग इसको बनाने की प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ा रहे है जिससे हमारा युवा स्वास्थ्य अपने को फिट महसूस कर सके। एक फिट युवा ही स्वस्थ्य युवा के रूप में स्वास्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र की आधारशिला तैया कर सकता है और शारीरिक रूप से स्वस्थ है तो मानसिक रूप से स्वस्थ होकर देश को एक नई दिशा की ओर अग्रसर करने में अपना योगदान दे सकता है।***

इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश के अंदर एक नई खेल संस्कृति बनी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कल दो करोड़ सत्रह लाख रुपये की लागत से एक नवीन आश्रय गृह का लोकार्पण किया।

**********

रेलवे के नये मानदण्डों के अनुसार अब दसवीं पास युवा भी लेवल–वन की परीक्षा के लिये आवेदन कर सकेंगे। बिना डिप्लोमा वाले दसवीं पास युवाओं को रेलवे में रोजगार के अवसर देने के लिये रेलवे बोर्ड ने लेवल–वन पदों पर भर्ती के लिये न्यूनतम शैक्षिक योग्यता मानदण्डों में छूट दे दी है। लेवल–वन को पहले ग्रुप–डी कहा जाता था। रेलवे बोर्ड ने हाल ही में इसका नाम लेवल–वन कर दिया है। लेवल–वन नौकरी के उम्मीदवार के लिये आईटीआई–डिप्लोमा अब अनिवार्य नहीं होगा। इससे पहले तकनीकी विभागों में आवेदन करने के लिये दसवीं पास होने के साथ राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा दिया गया राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र यानी एनएसी या आईटीआई डिप्लोमा अनिवार्य था। बिना इसके उम्मीदवार आवेदन नहीं कर सकते थे। इस सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड की ओर से सभी रेलवे जोन को दिशा–निर्देश जारी कर दिये गये हैं। लेवल–वन के पदों में विभिन्न विभागों के सहायक, प्वाइंट मैन और ट्रैक मैन के पद शामिल हैं। बोर्ड ने हाल ही में लेवल वन पदों पर लगभग बत्तीस हजार भर्ती के लिये अधिसूचना जारी की है। इसके लिये आवेदन प्रक्रिया तेइस जनवरी से बाइस फरवरी तक चलेगी।

**********

राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की लखनऊ स्थित विशेष अदालत ने कासगंज में हुए चंदन गुप्ता हत्याकांड में कल सभी अट्ठाइस आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। वहीं मामले में मुख्य अभियुक्त सलीम को सात साल की अतिरिक्त सजा

सुनाई गई है। अभियोजन पक्ष के वकील मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिन दो लोगों को बरी कर दिया गया था उनके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील की जाएगी।

**********

इलाहाबाद हाइकोर्ट ने संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज कर दी है। हालांकि कोर्ट ने फिलहाल बर्क की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने मामले की जांच जारी रखने और सपा सांसद बर्क को पुलिस की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में ज़िया उर रहमान बर्क के खिलाफ कई धाराओं में एफ़आईआर दर्ज है।

**********

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, हवाई अड्डे सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर दूरसंचार सेवा को बेहतर बनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट......

***केंद्रीय संचार मंत्रालय ने घोषणा की है कि महाकुंभ मेले की तैयारी में दूरसंचार विभाग ने निर्बाध संचार सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। मेला क्षेत्र में 53 हेल्प डेस्क और तीन आपदा प्रबंधन केंद्र स्थापित किए गए हैं। ये डेस्क संदिग्ध धोखा धड़ी की रिपोर्ट करने और खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने जैसी सेवाओं में सहायता करेंगे। मजबूत संचार नेटवर्क के लिए प्रयागराज शहर में 126 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। पूरे क्षेत्र में नेटवर्क कवरेज को बेहतर करने के लिए 328 नए टावर स्थापित किए गए हैं। मेला क्षेत्र में ही हाई–स्पीड, विश्वसनीय नेटवर्क कवरेज प्रदान करने के लिए 192 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। स्टेशन, बस और हवाई अड्डे, पार्किंग स्थान तथा प्रयागराज केअंदर और बाहर जाने वाले राजमार्गों पर दूरसंचार सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। समाचार कक्ष से आनंद पाठक।***

**********

उत्तर मध्य रेलवे ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए टिकट प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक अनोखी पहल की है। प्रयागराज रेलवे डिवीजन के वरिष्ठ पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि इस बार महाकुंभ के लिए रेलवे कर्मचारी क्यूआर कोड वाली हरी जैकेट पहनेंगे। कोड को स्कैन करके, यात्री यूटीएस ऐप पर जाकर डिजिटल रूप से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं।

**********

केन्द्र सरकार ने कल डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण नियमों का बहुप्रतिक्षित मसौदा जारी कर दिया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि बच्चों द्वारा कोई भी अकाउंट बनाने से पहले इंटरनेट मीडिया या ऑनलाइन प्लेटफार्म को माता–पिता की सहमति लेनी होगी। इसके अलावा माता–पिता की पहचान और आयु को भी स्वैच्छिक रूप से प्रदान किये गये प्रमाण पत्र के माध्यम से सत्यापित करना होगा, जो सरकार द्वारा अधिकृत किसी संस्था द्वारा जारी किया जायेगा। सरकार की ओर से मसौदा नियमों को फिलहाल सार्वजनिक परामर्श के लिये जारी किया गया है। अट्ठारह फरवरी के बाद अन्तिम नियम बनाने के लिये मसौदे पर विचार किया जायेगा।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में शीतलहर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक शीतलहर का क्रम ऐसे ही जारी रहेगा। उधर ठंड को देखते हुए लखनऊ, कानपुर, गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, वाराणसी, अयोध्या, श्रावस्ती और गोरखपुर सहित कई जिलों में कक्षा आठ तक के स्कूलों को बन्द कर दिया गया है।

**********

लखनऊ में कल से हैंडबॉल की प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता आईएच एफ ट्रॉफी की केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुरुआत हो गई है। टूर्नामेंट में चार देश बांग्लादेश, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और भारत हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन लीग मैच खेले गये जिसमें कजाकिस्तान ने यूथ और जूनियर दोनों वर्गों में बांग्लादेश को हराया। भारत ने पहले दिन दोनों श्रेणियों में उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच खेला। लीग मैच पांच जनवरी तक, सेमीफाइनल छः जनवरी और फाइनल मैच सात जनवरी को खेले जाएंगे।

**********